Mayank Warwade, I.A.S.
State Project Director

बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्
शिक्षा भवन, राष्ट्रभाषा परिषद् परिसर,
सैदपुर, राजेन्द्रनगर, पटना–800004

Bihar Education Project Council
Shiksha Bhawan, Rashtrabhasha Parishad campus,
Saidpur, Rajendra Nagar, Patna-800004

पत्रांक :E-337010/Quality/137/2024/ 3768 दिनांक 13/8/25

सेवा में,

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (माध्यमिक शिक्षा)
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (EE & SSA),
सभी जिला।

विषय : **समग्र शिक्षा 2025–26 में अनुमोदित गतिविधि 'कला उत्सव'–2025 के आयोजन के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक सूचित करना है कि समग्र शिक्षा के वार्षिक कार्य योजना एवं बजट 2025–26 में राज्य के सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त एवं निजी विद्यालयों के कक्षा 9वीं से 12वीं के छात्र/छात्राओं हेतु 'कला उत्सव' के आयोजन हेतु राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, नई दिल्ली (NCERT) द्वारा निर्गत दिशा–निर्देश की प्रति **अनुलग्नक 01** के रुप में संलग्न कर उपलब्ध कराया गया है। कला उत्सव 2025 में थीम **"विकसित भारत –2047 में भारत की परिकल्पना"** पर निम्न विवरण अनुसार 12 श्रेणियों में प्रस्तुति की जानी है।

| क्र | कला विधा | श्रेणी | उप–श्रेणी (प्रत्येक टीम द्वारा केवल एक उप–श्रेणी चिन्हित की जायेगी |
|---|---|---|---|
| 1. | संगीत (गायन) | एकल | शास्त्रीय/उपशास्त्रीय |
| 2. | संगीत (गायन) | समूह (अधिकतम 04 विद्यार्थी | लोकगीत/भक्तिगीत/देशभक्ति गीत/सुगम संगीत |
| 3. | संगीत (वादन) तन्त्री/सुषिर (स्वर वाद्य) | एकल | शास्त्रीय/उपशास्त्रीय |
| 4. | संगीत (वादन) ताल वाद्य | एकल | शास्त्रीय/उपशास्त्रीय |
| 5.. | संगीत (वादन) | समूह (अधिकतम 04 विद्यार्थी) | वाद्यवृंद (लोक/शास्त्रीय) |
| 6. | नृत्य | एकल | शास्त्रीय |
| 7. | नृत्य | समूह (अधिकतम 04 विद्यार्थी | क्षेत्रीय (लोक/जनजातीय) गैर–फिल्मी समकालीन समूह नृत्य |
| . | नाटक | समूह (अधिकतम 04 विद्यार्थी | लघु नाटिका/रोलप्ले/मिमिक्री/माइम |
| 9. | दृश्य कला | एकल | द्विआयामी (चित्रकला/चित्रकारी/मुद्रण/व्यंग्यचित्र |
| 10 | दृश्य कला | एकल | त्रिआयामी (मूर्तिकला) |
| 11 | दृश्य कला | समूह (अधिकतम 02 विद्यार्थी) | द्विआयामी/त्रिआयामी (स्वदेशी खिलौने और खेल/स्थानीय शिल्प) |
| 12 | परंपरिक कहानी वाचन | समूह (02 विद्यार्थी) | प्रतिभागी कहानी वाचन में किसी एक या एक से अधिक कला स्वरुपों (नृत्य, संगीत, दृश्यकला या नाटक) का प्रयोग कर सकते है। |

Mayank Warwade, I.A.S.
State Project Director

बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्
शिक्षा भवन, राष्ट्रभाषा परिषद् परिसर,
सैदपुर, राजेन्द्रनगर, पटना–800004

Bihar Education Project Council
Shiksha Bhawan, Rashtrabhasha Parishad campus,
Saidpur, Rajendra Nagar, Patna-800004

कला उत्सव 2025 के अन्तर्गत प्राप्त दिशा निर्देश के आलोक में विद्यालय, जिला एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन हेतु निम्न निदेश दिये जाते हैः–

(1) जिले के 9वीं से 12वीं कक्षा के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को कला उत्सव 2025 का दिशा–निर्देश उपलब्ध कराते हुए विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 30.08.2025 तक का पूर्ण करने का निदेश दिया जाय। विद्यालय द्वारा वैसे छात्र–छात्राओं की प्रतिभागिता में प्राथमिकता दी जाएगी, जिनके द्वारा पहले इस प्रतियोगिता में भाग नहीं लिया है। एक छात्र/छात्रा किसी भी एक श्रेणी में भाग ले सकते है। दिव्यांग विद्यार्थियों की सक्रिय भगीदारी को प्रोत्साहित किया जाना अपेक्षित है।

(2) जिला स्तरीय कला उत्सव 2025 आयोजन दिनांक 03–04 सितम्बर, 2025 की अवधि में संपादित किया जायेगा, जिसमें विद्यालय के द्वारा प्रत्येक विधा में प्रथम स्थान पर चयनित छात्र/छात्रा की प्रतिभागिता होगी। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में बच्चों की प्रतिभागिता हेतु आवागमन आदि का व्यय संबंधित विद्यालय के छात्र कोष के संगत मद से किया जाएगा।

(3) जिला स्तरीय कला उत्सव 2025 में प्रत्येक विधा में चयनित प्रथम विजेता छात्र/छात्राओं (एकल अथव समूह) को पुनः उक्त तिथि को ही राज्य स्तरीय बैनर के साथ प्रस्तुति करायी जायेगी। उक्त प्रस्तुति का विडियों क्लिप (अधिकतम 04 से 05 मिनट), फोटोग्राफ (विजेता छात्र/छात्रा के पासपोर्ट साईज फोटो सहित प्रस्तुति संबंधी कम से कम 04 फोटो) तथा पाठ सारांश (100 शब्दों में) को अपने जिला के गूगल ड्राइव से राज्य स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता (ऑनलाइन) अन्तर्गत मूल्यांकन के लिए राज्य को उपलब्ध कराया जाएगा।

(4) जिला स्तरीय आयोजन के क्रम में बैनर, पुरस्कार, प्रस्तुतियों हेतु मंच व्यवस्था, निर्णायकों के मानदेय, प्रत्येक श्रेणी के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेता को पुरस्कार, प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट, विडियोग्राफी, फोटोग्रफी एवं अन्यान्य हेतु अधिकतम जिलावार व्यय की जाने वाली राशि का विवरण **अनुलग्नक 02** के रुप में संलग्न है। उक्त के अनुरुप जिलों के द्वारा वार्षिक कार्य योजना एवं बजट 2025–26 के राज्य स्तरीय गतिविधि 3.1.2.2 'कला उत्सव' में प्रावधानित राशि के विरुद्ध जिला में उपलब्ध राशि से व्यय किया जायेगा तथा राज्य कार्यालय को डेबिट नोट उपलब्ध कराया जायेगा।

(5) कला उत्सव 2025 के जिला स्तरीय प्रतियोगिता हेतु 12 विद्याओं से संबंधित शिक्षकों/कला विशेषज्ञों का निर्णायक मंडल गठन का अलग–अलग किया जायेगा। निर्णायक मंडल द्वारा दिशा–निर्देश में दिए गए मूल्यांकन प्रपत्र में छात्र/छात्राओं की प्रस्तुतियों का मूल्यांकन किया जायेगा।

अतएव, निदेश है कि उपरोक्त के आलोक में तद्नुसार कला उत्सव 2025 का आयोजन ससमय कराया जाना सुनिश्चित किया जाय।

विश्वासभाजन,

13/8/25

(मयंक वरवड़े)
राज्य परियोजना निदेशक

अनुलग्नक : यथोक्त।

## Bihar Education Project Council
## Fund for Kala Utsav 2025

| Sl | District | No. of Block | Amount |
|---|---|---|---|
| 1 | Araria | 9 | 15000.00 |
| 2 | Arwal | 5 | 15000.00 |
| 3 | Aurangabad | 11 | 20000.00 |
| 4 | Banka | 11 | 20000.00 |
| 5 | Begusarai | 18 | 25000.00 |
| 6 | Bhagalpur | 16 | 25000.00 |
| 7 | Bhojpur | 14 | 20000.00 |
| 8 | Buxar | 11 | 20000.00 |
| 9 | Darbhanga | 18 | 25000.00 |
| 10 | E.Champaran | 27 | 30000.00 |
| 11 | Gaya | 24 | 30000.00 |
| 12 | Gopalganj | 14 | 20000.00 |
| 13 | Jamui | 10 | 20000.00 |
| 14 | Jehanabad | 7 | 15000.00 |
| 15 | Kaimur | 11 | 20000.00 |
| 16 | Katihar | 16 | 25000.00 |
| 17 | Khagaria | 7 | 15000.00 |
| 18 | Kishanganj | 7 | 15000.00 |
| 19 | Lakhisarai | 7 | 15000.00 |
| 20 | Madhepura | 13 | 20000.00 |
| 21 | Madhubani | 21 | 30000.00 |
| 22 | Munger | 9 | 15000.00 |
| 23 | Muzaffarpur | 16 | 25000.00 |
| 24 | Nalanda | 20 | 30000.00 |
| 25 | Nawada | 14 | 20000.00 |
| 26 | Patna | 23 | 30000.00 |
| 27 | Purnia | 14 | 20000.00 |
| 28 | Rohtas | 19 | 25000.00 |
| 29 | Saharsa | 10 | 20000.00 |
| 30 | Samastipur | 20 | 30000.00 |
| 31 | Saran | 20 | 30000.00 |
| 32 | Sheikhpura | 6 | 15000.00 |
| 33 | Sheohar | 5 | 15000.00 |
| 34 | Sitamadhi | 17 | 25000.00 |
| 35 | Siwan | 19 | 25000.00 |
| 36 | Supaul | 11 | 20000.00 |
| 37 | Vaishali | 16 | 25000.00 |
| 38 | W.Champaran | 18 | 25000.00 |
| **Total** | | **534** | **835000.00** |